# ₹1.50 लाख करोड़ के MoU, 2.50 लाख करोड़ के प्रस्ताव

## सीएम योगी का सिंगापुर-जापान दौरा, 5 लाख रोजगार आने की उम्मीद


■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

यूपी के लिए निवेश जुटाने बतौर मुख्यमंत्री पहली बार विदेश गए योगी आदित्यनाथ का दौरा संभावनाओं एवं उपलब्धियों भरा रहा। चार दिन में सिंगापुर और जापान में यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने 1.50 लाख करोड़ के MoU निवेशकों के साथ किए। साथ ही, 2.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। सीएम ने कहा कि इन निवेश प्रस्तावों के धरातल पर उतरने से 5 लाख से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। यूपी को वर्ष 2029-30 तक वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में यह एक निर्णायक कदम होगा।

योगी ने सोमवार और मंगलवार सिंगापुर और बुधवार व गुरुवार जापान में सरकार, उद्योग, वित्तीय संस्थाओं के प्रमुखों के साथ मुलाकात की और यूपी की संभावनाओं को विस्तार से रखा। दौरे के समापन में जापान में मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि जापान में 90 हजार करोड़ रुपये के MoU और 1.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इसी तरह सिंगापुर में 60 हजार करोड़ के MoU के साथ 1 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए हैं। इन प्रस्तावों को आगे बढ़ाने का कार्य इन्वेस्ट यूपी और राज्य के अन्य संबंधित विभाग समयबद्ध ढंग से करेंगे। पूरी यात्रा के दौरान यह स्पष्ट रूप से देखने को मिला कि कानून-व्यवस्था और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर प्रधानमंत्री मोदी का जो शुरुआत से फोकस रहा, वह अब परिणाम दे रहा है।

**5 लाख रोजगार की संभावना :** योगी ने कहा कि MoU और निवेश प्रस्ताव जमीनी धरातल पर उतरते हैं, तो 5 लाख से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। सिंगापुर और जापान की यह यात्रा केवल समझौतों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि टेक्नॉलजी ट्रांसफर, स्किलिंग, औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के विकास की नई दिशा तय करेगी। अगस्त में 200 जापानी सीईओ के प्रतिनिधिमंडल का यूपी दौरा संभावित निवेश को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। सिंगापुर से भी एक बड़ा बिजनेस डेलिगेशन यूपी में निवेश के लिए आने को उत्सुक है। सिंगापुर में यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन (आईटीई) जैसे उच्च स्तरीय स्किलिंग सेंटर का निरीक्षण किया। वहां संचालित प्रशिक्षण मॉड्यूल, उद्योग-आधारित पाठ्यक्रम और युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ने की व्यवस्था का भी विस्तार से अध्ययन किया गया।





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापान के यामानाशी में हाइड्रोजन फैसिलिटी देखी। इस दौरान उन्होंने कई लोगों से मुलाकात की। उनसे मिलने पहुंचे एक बच्चे ने पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

### 60 से अधिक बैठकें, 500 से अधिक निवेशकों से संवाद

सीएम ने बताया कि दोनों देशों में इन सभी बैठकों और कार्यक्रमों को मिलाकर करीब 60 से अधिक औपचारिक संवाद और कार्यक्रम आयोजित हुए। तीन बड़े निवेश रोड शो आयोजित किए गए, एक सिंगापुर में, दूसरा तोक्यो में और तीसरा यामानाशी में हुआ। दोनों देशों में आयोजित इन कार्यक्रमों में कुल मिलाकर करीब 450- 500 निवेशक, उद्योगपति व वित्तीय संस्थानों के शीर्ष प्रतिनिधि शामिल हुए। सिंगापुर में आईटी, ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर, लॉजिस्टिक्स, सेमीकंडक्टर, टूरिज्म, फिनटेक, मेडटेक और डीप-टेक जैसे क्षेत्रों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। जापान में यूपी पर्यटन की संभावनाओं को आगे बढ़ाने, जापानी बिजनेस लीडर्स को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।


### ऑटो और 'जापान सिटी' पर ठोस पहल

योगी ने कहा कि जिन कंपनियों के साथ बैठकें हुईं, उनमें ऑटोमोबाइल, लॉजिस्टिक्स, ग्रीन हाइड्रोजन, सीएनजी और सोलर जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल रहे। विशेष रूप से सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन, होंडा मोटर्स और मित्सुई जैसी कंपनियों के साथ बात हुई। यामानाशी ने यूपी को उन्नत तकनीक से जोड़ने तथा प्रदेश के युवाओं को प्रशिक्षण अर्थात स्किलिंग में सहयोग देने की तत्परता व्यक्त की है। एमएसएमई क्षेत्र में तकनीक हस्तांतरण, ऑनलाइन सेलिंग और अन्य सहयोगात्मक विषयों पर भी सहमति बनी है। यीडा क्षेत्र में जापानी निवेशकों के लिए एक समर्पित 'जापान सिटी' विकसित किए जाने पर सहमति बनी। इसके लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके अलावा, रोबोटिक्स फैक्ट्री और उसके रिसर्च सेंटर का भी विजिट हुआ, जहां उद्योगों में ऑटोमेशन और उन्नत तकनीक की बढ़ती भूमिका पर बात हुई।

## जर्मनी में भी निवेशकों संग 10 हजार करोड़ के MoU

■ **NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद :** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल 22 से 26 फरवरी तक जर्मनी के पांच दिवसीय दौरे पर है। टीम में साहिबाबाद विधायक व कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी शामिल हैं। सुनील शर्मा के अनुसार जर्मनी में निवेशकों के साथ बैठकों के बाद यूपी में करीब 10 हजार करोड़ रुपये के एमओयू हुए हैं। प्रस्तावित निवेश ड्रोन, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और ई-व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग जैसे उच्च तकनीकी क्षेत्रों में आ सकता है।

जर्मनी के पांच दिवसीय दौरे पर थे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, निवेशकों से की मीटिंग



केशव मौर्य

उन्होंने कहा कि इसका लाभ गाजियाबाद को भी मिल सकता है, क्योंकि जिला 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रॉडक्ट' के तहत इंजीनियरिंग गुड्स में पहचान बना चुका है। जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने सिल्के सिक्टर (ZVEI-ग्लोबल अफेयर्स और इकोनॉमिक्स, इंडो-पैसिफिक एवं चाइना अफेयर्स), मार्कस शाइबॉल सीईओ, ईए इलेक्ट्रो ऑटोमेटिक जीएमबीएच से निवेश पर चर्चा की, जहां उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था, 25 करोड़ उपभोक्ताओं के बाजार, बेहतर कानून-व्यवस्था, एक्सप्रेसवे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर और पारदर्शी नीतियों को प्रमुख आकर्षण बताया गया।

फुजिकुरा के साथ स्मार्ट सिटी, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रिसर्च सहयोग पर सहमति बनी। टेलीफोनिका सहित अन्य कंपनियों से टेलिकॉम, रक्षा सहयोग और टेक्नॉलजी ट्रांसफर पर बातचीत हुई। ड्रोन व एयरोस्पेस कंपनियों को यूपी में निवेश का निमंत्रण दिया गया।